नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रत्नागिरी.



राजभाषा

रत्नसिंधु

संयोजक

बैंक ऑफ़ इंडिया

रिश्तों की जमापूँजी

रत्नागिरी अंचल

- हिंदी छमाही पत्रिका
- **अंक :** पाँचवा

वाह ! बच्चों...

स्नेहांकित राजेंद्र डोंगरे
बी.ई.पदवी 67.93%
पुत्र श्री राजेंद्र डोंगरे
बी.एस.एन.एल. रत्नागिरी

सिध्देश विजय तुरळकर
एच.एस.सी. 94.80%
पुत्र श्री विजय तुरळकर
कोंकण रेल्वेरत्नागिरी

तेजश्री संदिप कांबळे
एच.एस.सी. 93.80%
पुत्री संदिप कांबळे
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

प्रिंशा दीपक राणे
एच.एस.सी. 91.20%
पुत्री श्री दीपक तुकाराम राणे
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

तेजल दीपक राणे
एच.एस.सी. 91%
पुत्री श्री दीपक राणे
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

स्वाती विठ्ठल हाके
एच.एस.सी. 90.40%
पुत्री श्री विठ्ठल हाके
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

सिध्दी शिवराम पेडणेकर
एच.एस.सी. 84%
पुत्री श्री शिवराम पेडणेकर
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

रविश नाथा ढगे
एच.एस.सी. 82.80%
पुत्र श्री नाथा ढगे
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

निकिता अतुल भोकरे
एच.एस.सी. 72.31%
पुत्री श्री अतुल भोकरे
बी.एस.एन.एल. रत्नागिरी

देवेश बाबुराव राऊळ
एच.एस.सी. 68%
पुत्र श्री बाबुराव राऊळ
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

गौरव गिरीश खानोलकर
एस.एस.सी. 91 %
पुत्र श्री गिरीश खानोलकर
बी.एस.एन.एल. रत्नागिरी

सिध्दी राजेंद्र तनजे,
एस.एस.सी. 82.20%
पुत्री श्री राजेंद्र तनजे
कोंकण रेल्वे रत्नागिरी

अध्यक्ष महोदय के कलम से...

प्रिय साथियों,

हमारे नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों को मेरा सस्नेह नमस्कार,

समिति की हिंदी पत्रिका राजभाषा रत्नसिंधु का पांचवा अंक आपको प्रस्तुत करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है । समिति द्वारा इस अंक में विविधता लाई गई है । आपको विदित है कि राजभाषा नियम के अनुसार महाराष्ट्र को क्षेत्र 'ख' में रखा गया है और इस क्षेत्र की भाषा मराठी है । किसी भी भाषा की समृद्धी, उसकी लवचिकता और स्वीकार्यता पर निर्भर होती है और यह सभी विशेषताएं राजभाषा हिंदी में विद्यमान है । इसी कारण हिंदी भाषा भारत के सबसे बड़े भूभाग पर बोली एवं समझी जाती है । आज, हिंदी की वर्तमान स्थिति राजभाषा, राष्ट्रभाषा एवं संपर्क भाषा के रुप में हमारे सम्मुख है । यह पाया गया है कि बाजार में कोई भी नई तकनीक का आविष्कार हिंदी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो रहा है ।

वित्तीय सेवाएं विभाग ने इसी बात को ध्यान में रखते हुए मॉडल 2 को लागू किया और जनता की भाषा को अपने कारोबार से जोड़ दिया है । आज समय की मांग है कि जिस क्षेत्र में हमारा कार्यालय स्थित है, वहां की भाषा को कार्यालयीन कामकाज में अपनाकर अपने कारोबार में वृद्धि करें ।

हमने रत्नसिंधु के इस अंक से मराठी भाषा के आलेख, काव्य आदि के लिए अलग एवं विशेष स्थान दिया है । मुझे लगता है, इस नए प्रयोग को सभी पाठकगण स्वीकार करेंगे ।

इस वर्ष से सदस्य कार्यालयों के राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन पर समिति द्वारा नगर राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । यह प्रसन्नता की बात है कि समिति को हमारे क्षेत्र में अग्रसर करने हेतु सदस्य कार्यालयों द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन प्रारंभ किया गया है । सदस्य कार्यालयों से मेरा अनुरोध है कि वे कोर कमेटी द्वारा कार्यान्वित राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित गतविधियों में सहयोग प्रदान करें ताकि हमारी समिति राजभाषा हिंदी के शिखर पर विराजमान हो सकें ।

नूतन वर्ष आप सभी को आरोग्यमय तथा सुखमय रहे यह मेरी और से हार्दिक शुभकामनाएं ।

(वि. वि. बुचे)
अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रत्नागिरी.

संपादकीय...

प्रिय साथियों,

आप सभी के समक्ष राजभाषा रत्नसिंधु का पांचवा अंक सौंपते हुए प्रसन्नता हो रही है । आप सभी सदस्य कार्यालयों के सहयोग से एवं समिति के अध्यक्ष महोदय जी के दिशा-निर्देशों के अनुसार नवोन्मेषी कार्यक्रमों को अपनाया जा रहा है । समिति द्वारा उप निदेशक महोदय श्री. विनोद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जो भी निर्णय लिए गए, उसे कार्यान्वित किए गए हैं और इसमें कोर कमेटी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है ।

आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग करते हुए रत्नसिंधु के तृतीय अंक का प्रकाशन ई-पत्रिका के रुप में किया गया था. लेकिन इस ई-पत्रिका का समुचित प्रचार-प्रसार नहीं हो सका । अत: समिति द्वारा चतुर्थ अंक का प्रकाशन मुद्रित प्रतियों में किया गया । इस पांचवे अंक में विविधता एवं नवीनता को स्थान दिया गया है । क्षेत्रीय भाषा के महत्व को ध्यान में रखते हुए मराठी को भी इस पत्रिका में सम्मानपूर्वक स्थान दिया गया है ।

इस अंक में आलेखकारों एवं रचनाकारों ने अपना अच्छा योगदान दिया है । हमें विश्वास है कि यह अंक आपको जरुर पसंद आएगा । सदस्य कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता प्राप्त की है । उनके लिए 'वाह बच्चों', साथ ही सदस्य कार्यालयों में इस वर्ष से कार्यालय प्रमुख की हैसियत से कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उनके लिए स्वागत का नया स्तंभ का प्रारंभ किया गया है ।

हमारी समिति की गतिविधियों को निरंतर रखने के लिए विविध प्रतियोगिता का आयोजन अलग-अलग सदस्य कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है, नगर में नए कार्यालय खुल रहे है और उनको सदस्य बनाने की प्रक्रिया जारी है । समिति अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रही है और उसमें आप सभी सदस्य कार्यालयों का बड़ा योगदान रहा है । संपादक तथा सचिव के हैसियत से मैं आपका बहुत आभारी हूं और भविष्य में भी आपसे सहयोग की अपेक्षा रखता हूं ।

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं ।

(रमेश गायकवाड)
सदस्य सचिव,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,रत्नागिरी.

राजभाषा
रत्नसिंधु

* अध्यक्ष *
वि. वि. बुचे
अध्यक्ष एवं उप महाप्रबंधक,
बैंक ऑफ इंडिया

* संपादक *
रमेश गायकवाड
सदस्य सचिव
एवं वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा,
बैंक ऑफ़ इंडिया

* कोर कमेटी सदस्य *
पुरुषोत्तम डोंगरे
आकाशवाणी
जनार्दन शिंदे
कोंकण रेल्वे
गजानन करमरकर
डाक कार्यालय
लक्ष्मीकांत भाटकर
सीमा शुल्क
सतीश रानडे
न्यू इंडिया एश्योरन्स कंपनी

संपर्क कार्यालय
अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय,
शिवाजी नगर, रत्नागिरी, महाराष्ट्र - 415 639

प्रकाशित सामग्री में व्यक्त विचार रचनाकारों के स्वयं के है । अत: यह आवश्यक नहीं कि इनसे सम्पादक मण्डल सहमत हो ।

अंतरंग

1	आपकी राय	1
2	देश को जोड़नेवाली भाषा हिन्दी	3
3	मानसिक तनाव-हमारा सबसे बड़ा दुश्मन	6
4	हिंदी कविता	8
5	कम्प्युटर का नाता जुड़ा हिन्दी से	9
6	भारत देश का परमाणु उर्जा कार्यक्रम	10
7	सूचना प्रौद्योगिकी एवं हिन्दी भाषा	13
8	अमीर खुसरो : हिन्दी और हिंदुस्तान का गौरव	15
9	क्रोध का प्रबंधन : उन्नति और खुशहाली का मंत्र	17
10	क्या सत्य निष्ठा सदैव फलीभूत होती है ?	18
11	राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु 2014-15 के लिए महत्वपूर्ण निर्धारित लक्ष्य	19
12	राजभाषा मॉडल - 2	20
13	नाते तुझे नी माझे	23
14	मराठी कविता	26
15	विशेष क्षमता असलेला चित्रकार : अनिकेत चिपळूणकर	27
16	बैंक ग्राहक सावधानियां	29
17	नगर राजभाषा समिति के तत्वाधान में विविध प्रतियोगिता का आयोजन	30
18	नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रत्नागिरी - सदस्य कार्यालय	31

आपकी राय

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, पूर्वोत्तर क्षेत्र का कार्यालय

महोदय,

आपके द्वारा प्रेषित गृह पत्रिका राजभाषा 'रत्नसिंधु' चतुर्थ अंक की एक प्रति प्राप्त हुई, धन्यवाद !

पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं को पढ़कर बहुत अच्छा लगा, जो रोचक, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक है । जो मन को बरबस उद्वेलित कर देतीं है । आशा है यह पत्रिका बैंकों में राजभाषा का उत्तरोतर विकास में अहं भूमिका अदा करती रहेगी - इसी शुभकामना के साथ संपादक मंडल और सभी रचनाकारों को अपनी प्रखर लेखनी के लिए साधुवाद ।

भवदीय,

(रामलाल शर्मा)

कृते सहायक निदेशक (रा.भा.)

मुख्य आयकर आयुक्त (सं.नि.प्रा.) कार्यालय, गुवाहाटी

मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, भुवनेश्वर

महोदय,

दि. 03-04-14 के आपके पत्र सं. नराकास/रहगा/07-360 के साथ आपकी पत्रिका 'रत्नसिंधु' का चौथा अंक प्राप्त हुआ । राजभाषा नीति से लेकर सामाजिक सरोकार के विषयों तक का फलक इसे समृद्ध करता है । साथ ही पठनीयता के लिहाज से यह चयन इसके पीछे की दूरदृष्टि का भी परिचायक है ।

पत्रिका की निरंतरता की शुभकामना के साथ ।

भवदीय,

(एल. एम. माझी)

आयकर उपायुक्त (मुख्या.) (प्रशा.)

कृते प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, भुवनेश्वर

प्रतिभूति कागज कारखाना, होशंगाबाद

महोदय,

आपके पत्र क्र. नराकास/रहगा/07-360 दि. 03-04-14 अंतर्गत आपके कार्यालय की पत्रिका 'राजभाषा रत्नसिंधु' का चौथा अंक अप्रैल 2014 प्राप्त हुआ । पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख सूचनापरक, ज्ञानवर्धक एवं सराहनीय हैं । राजभाषा एवं अनेक सामान्य ज्ञान संबंधी लेख अत्यंत प्रेरणादायक है । कलेवर और सामग्री संकलन प्रशंसनीय है । लेखों में 'मेरा भारत महान' रोचक एवं पठनीय है ।

पत्रिका के सफल संपादन के लिये आपको बहुत बधाई ।

भवदीय,

(वेंकटेश कुमार)

प्रबंधक (उत्पादन)

एवं राजभाषा अधिकारी

मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय. चण्डीगढ़

महोदय,

आपकी पत्रिका राजभाषा 'रत्नसिंधु' की प्रति प्राप्त हुई, धन्यवाद !

नराकास के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी व विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती पत्रिका ज्ञानवर्धन व रोचक है । समिति की विभिन्न गतिविधियों का विवरण व छायाचित्रों के समावेश से पत्रिका की शोभा में वृद्धि हुई है ।

आशा है कि आपकी यह पत्रिका समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों और अधिकारियों में हिंदी के प्रचार प्रसार में और अधिक सहायक होगी और उन्हें अभिव्यक्ति सार्थक मंच उपलब्ध करवाती रहेगी । पत्रिका के सफल संपादन एवं प्रकाशन से जुड़े सभी सदस्यों को साधुवाद ।

पत्रिका के उज्ज्वल भविष्य के लिए

हार्दिक शुभकामनाएँ.

भवदीय,

(डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा)

सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं

सचिव, नराकास, चण्डीगढ़

महानदी कोलफील्डस् लिमिटेड

महोदय,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रत्नागिरी द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका राजभाषा 'रत्नसिंधु' के चतुर्थ अंक की प्रति हमें प्राप्त हुई । धन्यवाद ! पत्रिका का आवरण पृष्ठ तो आकर्षक है ही इसके साथ साथ पत्रिका में समाहित की गई पाठ्य सामग्रियाँ भी बड़े रोचक, सूचनापरक एवं ज्ञानवर्धक है ।

रत्नागिरी, महाराष्ट्र 'ख-क्षेत्र' में आता है फिर भी बहाँ के नराकास संगठन द्वारा पूर्णरुपेण हिंदी कि पत्रिका का प्रकाशन करना सचमुच एक उल्लेखनीय एवं सराहनीय प्रयास है । पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी महानुभावों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ ।

भवदीय,

(एन. के. ओझा)

उप महाप्रबंधक (का.औसं./प्रबं.प्रशि.सं./रा.भा.)

आपकी राय

भारत संचार निगम लि., नाशिक

महोदय,

आपके कार्यालय के पत्र सं. नराकास/रहगा/07-360 दि. 03-04-14 के अंतर्गत प्रेषित हिन्दी गृहपत्रिका ' रत्नसिंधु' का अंक प्राप्त हुआ ।

पत्रिका में प्रकाशित लेख रोचक, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक हैं । यह पत्रिका राजभाषा की जानकारी के साथ-साथ अन्य विषयों को भी अपने आपमें समेटे हुए है । गृहपत्रिका न केवल कार्यालय की गतिविधियों को सबके सम्मुख ाती है, बल्कि हमारे कर्मियों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को भी मुखर करती है । इस तथ्य के मद्देनजर पत्रिका खरी उतरती है । एक उत्कृष्ट अंक के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक बधाई स्वीकार करें । आगामी अंक और भी आकर्षक और सुरुचीपूर्ण हो, इसकी मंगलकामना करते है ।

शुभकामनाओंसहित

भवदीय,

सदस्य सचिव, न.रा.का.स. एवं राजभाषा अधिकारी,
महाप्रबंधक, बीएसएनएल कार्यालय, नाशिक

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

महोदय,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रत्नागिरी द्वारा प्रकाशित हिंदी गृह पत्रिका 'राजभाषा रत्नसिंधु' के चतुर्थ अंक की नवीनतम प्रति प्राप्त हुई, एतदर्थ धन्यवाद ! पत्रिका में प्रकाशित सामग्री खासकर 'आदिवासी समाज तथा हिंदी साहित्य' एवं 'नेल्सन मंडेला' तथा 'ग्राहकों को सतर्क रहने की जरुरत' पर लेख, पाठकों के लिए काफी रोचक ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी है ।

शुभकामनाओं सहित, सादर

भवदीय,

(डॉ. बी. एम. तिवारी)
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं
सहसचिव, नराकास भिलाई-दुर्ग (छ.ग.)

भारत सरकार आयकर विभाग, अमृतसर

महोदय,

आपके पत्र संख्या नराकास/रहगा/07-360 दि. 03-04-14 के साथ आयकर विभाग की गृहपत्रिका आयकर 'रत्नसिंधु' का नया अंक मुख्य आयकर आयुक्त महोदय को प्राप्त हो गया है ।

पत्रिका का मुख्य पृष्ठ अत्यंत आकर्षक है । पत्रिका में संकलित रचनाएं ज्ञानवर्धक व मनोरंजक है । मुद्रण हेतु सामग्री का चयन बड़े मनोयोग से किया गया है ।

आशा है कि भविष्य में भी आपकी ओर से इसी प्रकार सहयोग प्राप्त होता रहेगा ।

भवदीय,

(नोनिया धालीवाल)
सहायक निदेशक, राजभाषा व
सचिव, नगर राजभाषा कार्या. समिति, अमृतसर ।

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग, राजस्थान

महोदय,

आपके कार्यालय की हिन्दी पत्रिका राजभाषा 'रत्नसिंधु' के चुतर्थ अंक की प्रति प्राप्त हुई, धन्यवाद । इस पत्रिका में संग्रहित सभी रचनायें प्रभावशाली रोचक एवं उच्चकोटि की हैं । पत्रिका के माध्यम से राजभाषा हिंदी के सृजनात्मक उत्थान हेतु आपके द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है ।

पत्रिका में सम्मिलित की गयी श्री. रवि दिवाकर गिरहे का लेख 'ग्लोबल वार्मिंग से सावधान', श्री. अम्ब्रीष तिवारी की रचना 'मानवता', डॉ. चित्रा मिलिंद का लेख 'आदिवासी समाज तथा हिंदी साहित्य', श्री. नितीन पलंगे की रचना 'दोस्ती' एवं श्री. पी. जी. डोंगरे की कविता 'जीवन' बहुत ही प्रशंसनीय है ।

पत्रिका के सफल सम्पादन हेतु सम्पादक मण्डल को बधाई व पत्रिका की उत्तरोत्तर प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं ।

भवदीय,

(हरीश चंद्र माखीजा)
हिन्दी अधिकारी / राजभाषा कक्ष

पारादीप पत्तन न्यास, ओडीसा (भारत)

महोदय,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रत्नागिरी द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा रत्नसिंधु' का चतुर्थ अंक हमें सधन्यवाद प्राप्त हुई । पत्रिका का कलेवर बहुत अच्छा है और इसमें प्रकाशित सभी सामग्रियां ज्ञानवर्धक है । पत्रिका के संपादन मंडली को परादीप पत्तन न्यास तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पारादीप की ओर से अनेक शुभकामनाएं और आशा है कि राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में आपका यह प्रयास और निखर हो उठेगा ।

भवदीय,

हिन्दी अधिकारी, पारादीप पत्तन न्यास

देश को जोड़नेवाली भाषा हिन्दी

डॉ. चित्रा मिलिंद गोस्वामी
रत्नागिरी ।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक ही लक्ष्य था - देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करना । आंदोलन में विभिन्न प्रांतों के बड़े-बड़े नेता हिन्दी का प्रयोग करते थे । नेताओं ने सम्पर्क भाषा के रुप में हिन्दी भाषा को अपनाया और इस भाषा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी । नेताओं ने अंग्रेजी से प्रेम करते हुए भी अपनी बात को कोने-कोने तक पहुँचाने के लिए हिन्दी का उपयोग किया । उस समय के भाषण और देश-भक्ति के गीत हिन्दी में होते थे ।

देश आजाद हुआ । स्वतंत्र सेनानी विधान सभाओं में पहुँचे, संसद में पहुँचे । जब तक उनमें स्वतंत्रता आंदोलन का जोश था, उनकी भाषा हिन्दी रही । समय के साथ आन्दोलन का ज्वर धीमा पड़ा, जोश में ठण्डापन आ गया, स्व की परिधि कम होती गयी । अब देश से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गयी कुर्सी, जिसपर बैठकर शासन करना था । इनके लिए भाषा, संस्कृति, लोक आदि शब्द बेमानी होते गये । इन जन नायकों में कुछ कर्तव्यपरायण, निष्ठावान अपरग्रही लोग थे । इनकी आवाज धीमी हो गयी ।

देश का जो परिदृश्य हमारे सामने है, वह भयावह है । राष्ट्रीयता, स्वाभिमान, स्वावलम्बन आदि शब्द, शब्दकोशें की शोभा बढ़ा रहे हैं । लोग क्षुद्र स्वार्थों के लिए संकीर्णता के शिकर हो गये । इसी का शिकार बनी हमारी सरल, सुगम, सहज, राजभाषा हिन्दी । अंग्रेजीने हिन्दी को गुलाम बनाकर जख्म पर नमक छिडका। आज जनता और शासकों के बीच संवादहीनता का कारण है भाषा । अंग्रेजी से देश टूट गया है ।

हिन्दुस्तान में राष्ट्रभाषा में वार्तालाप होना जरुरी है । देश में बैठे हुए कुछ अंग्रेजी के दास विदेशी भाषा को देश की राजभाषा बनाना चाहते हैं । शासकीय सौदागरों को अंग्रेजी से दूर करना जरुरी है ।

सवा अरब जनता के इस महान देश में लगभग एक अरब जनता अच्छी तरीके से हिन्दी बोल और लिख सकती है । थोड़े से अंग्रेजी के गुलाम से देश को आजाद करके हिन्दी से देश को जोड़ना चाहिए ।

आज हमें नाज है, हमारे पंतप्रधान मा. मोदी जी ने हिन्दी की प्रतिष्ठा बढ़ायी है । चुनाव के समय भी उन्होंने हिन्दी का उपयोग किया जो सबसे प्रिय रहा । उनके साथ मंत्रिमंडल में शामिल नेता भी हिन्दी को मान्यता देते हैं । इंटरनेट, मोबाईलद्वारा हिन्दी की अहमियत बढ़ायी जा रही है। तथा विदेशों में जाने पर या विदेशी नेताओं के साथ सभाओं में हिन्दी का प्रयोग ही अहम् रहता है । हिन्दुस्तान को पूर्ण स्वतंत्रता तथा एक बनाने के लिए केवल हिन्दी का[illegible] सकती है । हिन्दी सम्पर्क भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा आदि रुपों में कार्यरत है और विश्वभाषा बन रही है ।

भारत में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन हिन्दी -दिवस के रुप में मनाया जाता है । 14 सितम्बर 1949 के दिन संविधान में हिन्दी को राजभाषा घोषित करनेवाली धारा स्वीकृत की थी । विविध जातियों, धर्मों एवं भाषाओंवाले इस देश को, जिसे कवी रवीन्द्र ने महामानवे समुद्र कहा है, उसे एकता के सूत्र में पिरोने का काम हिन्दी ही करती है । इसलिए राजभाषा होने के साथ साथ विशाल जन-समुदाय द्वारा बोली-समझी जाने के कारण हिन्दी को हमारे देश की राष्ट्रभाषा होने का गौरव भी प्राप्त है ।

विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध, सरल एवं सुगम भाषा होने के साथ-साथ हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है । अत: [illegible] प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है । इसी कर्तव्य के निर्वाह हेतु 14 सितम्बर का दिन हिन्दी - दिवस के रुप में मनाया जाता है । इतना ही नहीं, कई शासकीय-अशासकीय कार्यालयों, बैंकों एवं शिक्षण संस्थाओं में हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं सम्मान में हिन्दी-सप्ताह तथा हिन्दी -पखवाड़ा मनाया जाता है । कई स्थानों पर तो काव्य लेखन-वाचन, कहानी-वाचन, कहानी-लेखन, विविध विषयों पर निबन्ध एवं भाषण, नाटक तथा एकांकियों का मंचन, अतिथि-व्याख्यान आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके इसे एक उत्सव की तरह मनाया जाता है । किसी भी देश का राष्ट्रगीत, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रभाषा उस देश के

मानबिन्दु होते हैं । अत: राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रध्वज के समान ही राष्ट्रभाषा हिन्दी और देवनागरी लिपि के संरक्षण तथा प्रचार एवं प्रसार हेतु किये जानेवाले ये आयोजन राष्ट्रभाषा के प्रति हमारे प्रेम को प्रमाणित करते हैं।

हिन्दी हमारे देश की अपनी भाषा है । विविध भाषा-भाषी लोगों एवं प्रान्तों के बीच यह सम्पर्क-भाषा के रुप में परिलक्षित होती हैं । हिन्दी इसलिए बड़ी नहीं कि इस देश में उसके बोलनेवालों की संख्या अधिक है, वह इसलिए बड़ी है, क्योंकि इस देश की करोड़-करोड़ जनता के हृदय और मस्तिष्क की भूख मिटाने का वह जबरदस्त माध्यम है ।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक, साक्षर से निरक्षर तक प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है, पर-प्रान्तीय अथवा अन्य भाषीय लोगों के बीच हिन्दी का प्रयोग कर वह अपने विचारों को आसानी से पहुँचा सकता है । इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा, अर्थात जनभाषा कहा गया है । अत: हिन्दी-दिवस मनाने के पीछे एक उद्देश्य यह भी है कि शासकीय एवं अशासकीय क्षेत्रों में जनता के लिए किये जानेवाले कार्य एवं व्यवहार के लिए जनभाषा का ही प्रयोग हो न कि अपनी सुविधानुसार अंग्रेजी भाषा का । कुछ विशेष शहरी वर्ग को छोड़कर देखा जाय तो सामान्य ग्रामीण जनता के लिए अंग्रेजी में बातचीत कर पाना एवं व्यवहारिक रुप में उसका प्रयोग कर पाना कठिन ही है, क्योंकि, उसकी अपनी भाषा नहीं है । अत: अपनी राष्ट्रभाषा में उसके सम्पूर्ण व्यवहार पर उसका पुरा अधिकार है और कहीं-न-कहीं हिन्दी-दिवस और हिन्दी पखवाड़ा इसी अधिकार की प्रतिपुष्टी करता है ।

राष्ट्रीय कर्तव्य एवं अधिकार की दृष्टि से भी हिन्दी के प्रयोग एवं प्रचार हेतु मनाया जानेवाला हिन्दी-दिवस एवं हिन्दी-पखवाड़ा विशेष महत्वपूर्ण है । जो न केवल हिन्दी के प्रयोग का अवसर प्रदान करता है, बल्कि इस बात का भी भान दिलाता है कि हिन्दी का प्रयोग भारतीय जनता का अधिकार है । जिसे उससे छिना नहीं जा सकता । हिन्दी-दिवस हम सभी को यह जानने का अवसर भी प्रदान करता है कि - हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में हिन्दी का कितना प्रयोग करते है ? अर्थात् हम अपने राष्ट्र एवं राष्ट्रभाषा से कितना प्रेम करते है । हम जानते है कि इतने बड़े जनसमुदाय वाले देश में अपने अधिकार की लड़ाई आसान नहीं है और यदि महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद सरस्वती, पंडित मदनमोहन मालविया, राजर्षी पुरुषोत्तमदास टण्डन, आचार्य केशव सेन, काका कालेलकर तथा गोविंद वल्लभ पंत जैसे अनेक महान व्यक्तियों के अनेक वर्षों में किए गये अथक प्रयासों से हमें हिन्दी को राष्ट्रभाषा कहने का अधिकार मिला है, तो हम उसे क्यों छोडे ?

जहाँ पराई भाषा होने के बाद भी अंग्रेजी को सह राजभाषा का अधिकार प्राप्त है, वही अपने दैनंदिन एवं कार्यालयीन व्यवहार में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करते हुए राजभाषा हिन्दी के महत्व को जाने-समझे एवं उसके विकास में अपना भी योगदान दें । कोई भी भाषा तब तक नहीं मर सकती, जब तक सामान्य जनता में उसका प्रयोग निरंतर होता रहें । इस नाते भी हमारा यह कर्तव्य बनता हैं कि हम अपनी राजभाषा का प्रयोग करते रहें और उसे निरंतर गतिशील बनाये रखने में महत्वपूण भूमिका निभाएँ ।

कोई भी भाषा तब और भी समृद्ध मानी जाती है, जब उसका साहित्य भी समृद्ध हो । आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तो, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने उत्कृष्ट ग्रन्थों, अद्वितीय रचनाओं एवं लेखों से हिन्दी को समृद्ध किया है । परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृद्धि में अपना योगदान दें ।

आज देश का सुशिक्षित वर्ग अपने दैनंदिन व्यवहार में अंग्रेजी का अधिकाधिक प्रयोग कर रहा है । अंग्रेजी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा है साथ ही सुविधाजनक होने के नाते हमारे देश की सह-राजभाषा भी मान्य की गयी है । अत: अंग्रेजी भाषा को जानना-समझना एवं सीखना आज के अत्याधुनिक वैश्विक परिवेश की आवश्यकता बन गयी है । किसी भी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा को जानना-समझना-सीखना गलत नहीं, परन्तु अपनी राष्ट्रभाषा को भूलकर केवल विदेश भाषा का ही सर्वथा प्रयोग करते रहना राष्ट्रभाषा की अवहेलना करने के समान है । हम भले ही अंग्रेजी का प्रयोग

करें, परन्तु हिन्दी का भी प्रयोग करते रहें और राष्ट्रभाषा के प्रति अपना प्रेम और सम्मान बनाये रखें । हम यह कभी न भूलें कि हिन्दी विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है और आज के दौर में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में जड़ जमा कर विश्व के आकर्षण का केन्द्र बन रही है । हिन्दी की अद्वितीय रचनाओं ने पहले से ही विदेशी विद्वानों, भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रेमियों को अपनी ओर आकृष्ट किया है । परन्तु आज उसकी अस्मिता एवं गरिमा ने उसे अन्तर्राष्ट्रीय भाषा की सूची में पहुँचा दिया है । कहीं बोलचाल के रुप में, कहीं फिल्म और संगीत की धुन में, कही भक्ति और दर्शन में, तो कहीं प्रवासी भारतीय के हिन्दी-साहित्य में हिन्दी विश्व में पैठती नजर आ रही है । अमेरिका, यूरोप एवं एशिया के अनेक छोटे-बड़े शहरों एवं देशों में बसे प्रवासी भारतीय भी हिन्दी में रचनाएँ कर रहे हैं । जिससे हिन्दी संस्कृति का भी दर्पण बनती जा रही है, जिसमें झाँककर विश्व-संस्कृति के विविध रुप को देखना-परखना आसान हो गया है ।

हिन्दी के अन्तर्राष्ट्रीय स्वरुप को देखते हुऐ, 10 से 14 जनवरी, 1975 के दिन नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन में मॉरिशस, नयी दिल्ली, त्रिनिडाड, टोबैगो, लन्दन, सूरीनाम एवं न्यूयॉर्क-जैसे देशों द्वारा 10 जनवरी का दिन विश्व हिन्दी-दिवस के रुप में मनाये जाने का संकल्प लिया गया । इस प्रकार जब विश्व स्तर पर हिन्दी-दिवस मनाया जाने लगा है, तो निश्चय ही 14 सितम्बर का राष्ट्रीय हिन्दी दिवस हिन्दी के गौरव को मनाये जाने का दिन है ।

कम्प्यूटर और इंटरनेट में यूनीकोड़ ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को पूरे विश्व में उपलब्ध करवाकर ई-हिन्दी को सरल एवं सुगम बना दिया है । जिससे ब्लॉग एवं ट्वीटर में हिन्दी की सुविधा के कारण विभिन्न देशों में हिन्दी-प्रेमियों में निरन्तर हिन्दी में विचारों का आदान-प्रदान हो रहा है ।

हमारे लिए यह भी एक गौरव की बात है कि विभिन्न विकसित एवं सम्पन्न देशों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक आदान-प्रदान उपक्रम के अन्तर्गत हमारी संस्कृति को करीब से जानने-समझने के लिए हमारे देश में आकर हिन्दी सीख रहें है । कहना न होगा कि जब से हिन्दी विश्व-भाषा बनी है, तब से विश्वस्तर पर हिन्दी जानने-समझने एवं बोलनेवाली का मान बढ़ाया है एवं विभिन्न उन्नतिशील देशों में हिन्दी के विद्वानों एवं जानकारों की माँग की जा रही है ।

अनेक वर्षों से हिन्दी ने विविधताओं के इस देश में सभी भाषा-भाषियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है । हमारे लिए गौरव की बात है कि जिस भाषा ने राष्ट्र को जोड़ा, वही हिन्दी आज हमें विश्व से जोड़ रही है । विगत वर्षों में भले ही हिन्दी के प्रचार-प्रसार में उतार-चढ़ाव आये हों, परन्तु आज उसके विकास को रोक पाना असम्भव है । कुल मिलाकर कहें, तो वैश्विकरण के इस दौर में हिन्दी का भविष्य निश्चय ही उज्ज्वल है । अत: समस्त राष्ट्र-प्रेमी-हिन्दी-प्रेमी गर्व से हिन्दी-दिवस मनाएँ और गौरव का अनुभव करें, क्योंकि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है ।

* हिंदी अब सारे भारत की राष्ट्रभाषा बन गई है। इसके अध्ययन एवं इसे सर्वोत्तम बनाने में हमें गर्व होना चाहिए ।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल



मानसिक तनाव - हमारा सबसे बड़ा दुश्मन

रवि गिरहे
बैंक ऑफ़ इंडिया

वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है । हम किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो जानलेवा प्रतिस्पर्धा हमारा पीछा नही छोड़ती. केजी में पढ़ने वाले बच्चों से लेकर तो कंपनी में कार्य करने वाले कार्यपालक निदेशक तक सभी आज मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। शायद अब यह तनाव हमें विरासत में ही मिल रहा है । अगर हम प्रतिस्पर्धा में पीछे हो गए तो हम समाप्त हो जाएंगे इस दुर्भावना से हम सभी ग्रस्त हो जाने के कारण मानसिक तनाव ने हमारे दिमाग में घर बना लिया है, जिससे हमारी असाधारण क्षमता को भी ग्रहण लगता जा रहा है ।

विशेषज्ञोंके अनुसार वर्तमान में डॉक्टर्स के पास जाने वाले नब्बे प्रतिशत मरीज तनाव से संबंधित रोगों के कारण आते है । मानसिक तनाव का प्रमुख कारण यह है कि जब हमारे शरीर या मन को किसी चुनौती का सामना करना पड़ता है तो हमारी चयापचय प्रक्रिया तेज हो जाती है, रक्तचाप, हृदय गति और नाड़ी की गति बढ़ जाती है और शरीर में खून का दौरा तेज होता है । शरीर में एड्रनलीन की मात्रा बढ़ जाती है । यह स्थिति अधिक देर बनी रहे तो कई शारीरिक व मानसिक समस्याएँ पैदा हो जाती है ।

तनाव की एक प्रचलित परिभाषा रिचर्ड एस. लझारस द्वारा इसप्रकार दी गई :- "Stress is a condition or feeling experienced when a person perceives that demands exceed the personal and social resources the individual is able to mobilize." मानसिक तनाव धीरे-धीरे शारीरिक तनाव में परिवर्तित होने लगता है जिससे हमारे स्वभाव पर उसका असर पड़ता है, हम चिड़चिड़े होने लगते है, इससे कुछ लोगों को शराब या सिगारेट पीने के लत लग जाती है जो शरीर को कुछ समय के लिए तनाव से मुक्त कर सके. तनाव से रात में नींद नहीं आती जिससे हमारी समस्याएँ अधिक गंभीर हो जाती है । समय पर चिकित्सा न होने से हमारे शरीर की अधिक हानि होने लगती है । काम के अत्याधिक तनाव से हमें हृदय की बिमारियों से भी जूझना पड़ता है । शारीरिक मेहनत कम होने से हमारा हार्ट रेट तथा ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है जिसका सीधा असर हमारी धमनियों पर आता है तथा वह डॅमेज होने लगती है, धमनियाँ सकुडने से खून तथा ऑक्सिजन हार्ट तक पहुँचने में काफी करेशानी होती है, जो हार्ट अटॅक में भी तबदिल हो सकती है । तनाव से हमारी मानसिक क्षमता पर असर पहुँचता है, हम डिप्रेशन में आ जाते है तथा ब्रेन हॅमरेज की भी नौबत आ सकती है । तनाव से हमारे मन में सदैव नकारात्मक विचार आते है जो कमी आत्महत्या के लिए भी प्रेरित कर सकते हैं । अत्याधिक तनाव से डायबिटीस, पेट का अल्सर, बीपी जैसी बिमारियाँ हमारे शरीर में हमेशा के लिए घर बना सकती है ।

मानसिक तनाव एक ऐसी बिमारी है जिसे हम सकारात्मक विचारधारा से दूर कर सकते है । इसके लिए निम्न कुछ बातों पर अंमल करना आवश्यक है ।

* हमारे तनाव का योग्य विश्लेषण कर उसका नियोजन करे ।

* समस्याओं को समझ कर ही उस के निराकरण का निर्णय लिया जाए ।

* बच्चों को बचपन से ही पढ़ाई के साथ अच्छी-बुरी बातों पर होने वाले परिणामों से अवगत कराएँ ।

* शारीरिक तथा मानसिक आरोग्य का योग्य मिलाप होना आवश्यक ।

* नकारात्मक परिस्थिती में भी सकारात्मक रहकर कार्य करना सीखे ।

* अनावश्यक शंकाओं का विचार करने के बदले वर्तमान समस्याओं को सुलझाने पर जोर दे ।

* हीन भावना को मन में पनपने न दें ।

* अति आत्मविश्वास से कार्य न करें । अपनी क्षमता के अनुरुप ही कार्य करें।

इसके साथ ही हमें नियमित व्यायाम तथा मन की शांति के लिए योग्य प्रयास करने होंगे । इसके लिए समय निकालकर प्राणायाम, मनन, चिंतन करना आवश्यक है । मानसिक तनाव वाली बातों से कुछ समय के लिए बाहर आना आवश्यक है । रात को आवश्यक नींद लेना जरुरी है । जब हम अत्याधिक तनावग्रस्त हैं तो अपनी समस्याओं को अपने मन में दबाकर न रखे, अपनी समस्या के विषय में अपने पति, पत्नी या किसी निकट मित्र से खुलकर चर्चा करें । अत्याधिक तनाव के समय कुछ समय अकेले में अपनी पसंद की बातें कर तनाव को दूर कर सकते हैं । कुछ देर के लिए कुर्सी पर आरामदेह मुद्रा में बैठकर आँखे बंद कर अपनी मांसपेशियों को ढीला छोड़ कर धीमी गति से साँस लेते रहें । मन ही मन में भगवान का स्मरण करें या कोई मंत्र बार-बार दोहराते रहे । यदि आपका मन भटक जाए तो वापस उसी शब्द या मंत्र पर आ जाएँ, इसे दस या बीस मिनिट तक करने से तनाव से मुक्ति मिल सकती है ।

तनावरोधी भोजन पर जोर देना होगा । कुछ भोजन ऐसे है, जो हमारे शरीर को तनाव से लड़ने की शक्ति देते है । संतरे, दूध व सूखे मेवे में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो हमारे दिमाग को शक्ति प्रदान करती है । आलू में विटामिन बी समूह के विटामिन काफी मात्रा में होते है, जो हमें चिंता और खराब मूड का मुकाबला करने में सहायता करता है । चावल, मछली, फल्लियाँ और अनाज में भी विटामिन 'बी' होता है, जो दिमागी बिमारियों और अवसाद को दूर रखने में सहायक है । हरी पत्ते वाली सब्जियाँ, गेहूँ, सोयाबीन, मूँगफली, आम और केले में मैग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है, जो हमारे शरीर को तनाव से लड़ने में सहायता करती है ।

विशषज्ञों के अनुसार तनाव की स्थिति में थोड़ा-थोड़ा करके कई बार खाना तनाव को दूर भगाने में सहायक हो सकता है । इसे उन लोगो को भी सहायता मिल सकती है, जो तनाव की स्थिति में अतिरिक्त खाने के आदी हैं । थोड़ा-थोड़ा खाने से शरीर को भी शक्ति मिलती रहती है ।

इसके बाद भी आप मानसिक तनाव से अपने आप को दूर नही कर पाते तो अपने डॉक्टर से योग्य सलाह ले सकते है । मानसिक तनाव के लिए आपका दृष्टिकोन सकारात्मक रहना आवश्यक है । किसी भी समस्यासें जूझने के लिए अपने मन को अगर आप तैयार रखते है तो निश्चित ही मानसिक तनाव आपपर कभी भी हावी नही हो पाएगा ।

स्वेट मार्डेन कहते है, ''मनुष्य की दशा उस घ[illegible] समान है जो ठीक तरह से रखी जाए तो सौ वर्ष तक काम दे सकती है और लापरवाही से बरती जाए तो जल्दी बिगड़ जाती है ।''

अगर हमारा मन साहस से भरा हुआ हो तो हमारे मन से तनाव या डर अपने आप दूर हो जाएगा । हमें यह सत्य समझना चाहिए कि मानसिक तनाव हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है जो अंदर ही अंदर हमारे शरीर को खोखला करता है, इसीलिए कहते है कि जान है तो जहान है । तो दोसतों आईये हमारे जीवन से मानसिक तनाव को भगाने का प्रयास करे ।

* इंग्लैंड में हमारा
क्रांतिकारियों का दल था ।
हम प्रतिदिन दुहराते थे
कि हमारा देश हिंदुस्तान,
हमारा गति वंदेमातरम,
हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी है ।

– स्वातंत्र्यवीर वि. दा. सावरकर

हिन्दी दिवस
हमारी कसौटी का दिवस

चाहे डगर हो कोई, आसान नहीं है मंजिल
किरणें नयी उभार कर, भाषा ज्योति जलाएँ
धीरे-धीरे प्रगति की गति, लक्ष्य की ओर बढ़े
भाषा के हम सैनिक, रह-रह क्यों घबड़ाएँ ।

पानी बन घुल-मिल जाना, कैसी है यह सोच
अपनी एक इयत्ता को, बरबस क्यों घुलाएँ
चिंतन, सोच, कर्म सब, प्रतिबद्ध, समर्पित
अपनी विशिष्टता से क्यों न, सबको हर्षाएँ

भग्न हो जाएँ शब्द और अपूर्ण अभिव्यक्ति
बहुभाषी पथ पर, देवनागरी कैसे सजाएँ
तनिक विमुखता कर दे, धराशायी लक्ष्य
अपनी विशेषज्ञता को, क्यों खुद भरमाएँ

मिटती नहीं पहचान, मिल जाये एक बार तो
औरों की पहचान में, खुद को क्यों गुमाएँ
अभी बहुत बाकी है, चलना संग राजभाषा
प्रज्ञा की गुंजन में, मिल गीत नया बनाएँ ।

धीरेंद्र सिंह
(मुख्य प्रबन्धक, बैंक ऑफ़ इंडिया)

प्राकृतिक आपदा

खेल ये कुदरत का नही इंसानी करतूत
मोहना तेरे विकास का ये है असली रुप
पीटे ढोल विकास का खोदे रोज पहाड़
कुदरत भी कितना सहे, तेरा ये खिलवाड़
बड़ी मशीने देखकर रोये खुब पहाड़
कैसे झेलेगा भला जब आएगी बाढ
खंड खंड बढता रहा 'हाय' उत्तराखंड
मलबा बन गई जिंदगी, रुका नही पाखंड
आपदा राहत कोष से होंगे कई अमीर
जनता बिन राहत मरे, वे खाऐंगे खीर
धरम करम के चोचले, दान पुण्य भी खूब
भक्त बचे कैसे भला, खुद भगवान गए डूब
गाँव बहे और हो गई, खाली यहां जमीन
बिल्डर लेकर आएगा, अबके नई मशीन
ना उजाड़ो इन वनों को,
जो प्राकृतिक आपदा से बचाते है
रोक कर वर्षा का जल
जो भूमी का जलस्तर बढाते हैं ।
आज इन्हें बचाओगे तो,
कल जीवन बच जाएगा,
दिख रहा है जो भविष्य खतरे में,
खतरे से बाहर आ जाएगा ।
लगाकर पेड़ ज्यादा से ज्यादा,
हमे इस जमीं को सजाना है,
पूज्यनीय है यह प्रकृती,
इस संजिवन को बचाना है,
प्राकृतिक आपदा पर विजय पाना है,
हर समस्या से लढना है ।

कम्प्युटर का नाता जुड़ा हिन्दी से

श्री. कृष्णात खांडेकर
रत्नागिरी



प्रौद्योगिकी के दूसरे चरण के रुप में विडिओं वर्क्स के कार्य को भी हिन्दी में प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक साफ्टवेअर का विकास किया गया है । जिसकी सहायता से रेल्वे आरक्षण, गाड़ियों का आवागमन, हवाई जहाजों को आगमन -प्रस्थान आदि संबंधित सूचनाएँ टी.वी., मानिटर के जरिये हिन्दी में प्रदर्शित की जा रही है ।

सी-डैक कंपनी ने कम्प्यूटर में हिन्दी सिखने के लिए एक ऐसा बहुआयामी साफ्टवेअर पैकेज विकसित किया है जिससे हम न केवल हिन्दी की संरचना की बारिकियों को समझ सकते बल्कि प्रामाणिक उच्चारण और चित्रों की सहायता से हिन्दी पढ़ना, बोलना और लिखना सीख सकते है। इस साफ्टवेअर को लीला (LILA) कहते है । यह वस्तुत: Learn Indian, Languages Through, Artificial, Intelligence का एक्रोनिम है । इसकी सहायता से कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी के प्रयोग के लिए बड़ी सुविधा हो रही है । कम्प्यूटर द्वारा अनुवाद के लिए शोधकार्य जारी है आज अंग्रेजी से हिन्दी में कम्प्यूटर द्वारा अनुवाद की सुविधा उपलब्ध हैं । भारत एक बहुभाषी देश होने के कारण लिप्यांतरण का कार्य भी महत्वपूर्ण है । भारत के केंद्रसरकार के अधीन सभी क्षेत्र और कार्यों की सूचना हिन्दी में लिप्यांतर करनी जरुरी है । इसके लिए भी रोमन से हिन्दी में लिप्यांतरण के कई साफ्टवेअर उपलब्ध है । कम्प्यूटर के प्रयोग से हिन्दी लेखक को अनावश्यक रुप से अपने लेखन के लिए कागज बरबाद करने की आवश्यकता नहीं है । वे आसानी से अपनी रचना कम्प्यूटर पर उतार सकते है और जल्द ही एक क्लिक से विश्व तर पहुँचा सकते है । हिन्दी के विशालकाय ग्रंथों को कम्प्यूटर ने अब छोटे रुप में आसानी से उपलब्ध करा दिया हैं । आज कम्प्यूटर पर हम हिन्दी में किसी भी क्षेत्र से जुड़ा काम कर सकते है । जहाँ तक हिन्दी पत्राचार का प्रश्न है, कम्प्यूटर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है । क्योंकि किसी भी कार्यालय से भेजे जानेवाले अधिकांश पत्रों की भाषा प्राय: एक तरह की होती है । इन पत्रों का मानकीकरण करके उन्हें यदि एक बार कम्प्यूटर में सुरक्षित (Save) करा दिया जाय तो अगली बार उनका प्रयोग करते समय केवल नाम, तारिख, पत्रांक अथवा कोई भी याद रखने के लिए दिया गया नाम काफी होता है । कार्यालय के सभी पत्राचार मोटे-मोटे रजिस्टर, सभी प्रकार की सूचनाएँ, दस्तावेज सरलता से कम्प्यूटर में सुरक्षित रखी जा रही है ।

आज जीवन का हर क्षेत्र कम्प्यूटर से जुड़ा है और कम्प्यूटर से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है । कम्प्यूटर अपनी निजी भाषा में कार्य करता है उस भाषा के साथ दुनिया की हर भाषा अपने आप को जोड़ सकती है । कम्प्यूटर हर भाषा में कार्य हर भाषा में करने की क्षमता रखता है । आज भारत में कम्प्यूटर पर हिन्दी के प्रयोग करनेवाले लोगों तथा क्षेत्रों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है । हिन्दी से जुड़ा कोई भी क्षेत्र आज कम्प्यूटर से अछूता नहीं रहा है । कम अधिक प्रमाण में हिन्दी का कम्प्यूटर में प्रयोग हो रहा है । आशा है कि एक दिन पूरे भारत का कार्य हिन्दी भाषा के माध्यम से कम्प्यूटर पर हो ।

भारत देश का परमाणु उर्जा कार्यक्रम

श्री. अ. द. कावळे
वरिष्ठ प्रबंधक, न्युक्लियर पावर कं.

''शांतिपूर्ण तरीके से विकास के लिए परमाणु उर्जा का उपयोग'' यह नीति स्वतंत्र भारत ने अपनायी है । परमाणु उर्जा का विषय संविधान के अनुसार केंद्र सरकार के अधीन है । भारत में केंद्र सरकार का परमाणु उर्जा विभाग परमाणु उर्जा के संबंधमें योजना बनाकर उसको कार्यान्वित और नियंत्रण करता है । यह काम अणुउर्जा आयोग द्वारा किया जाता है । परमाणु उर्जा का सबसे बडा योगदान बिजली निर्माण में है । परमाणु बिजली घरोंका आरेखन, सिव्हील कन्स्ट्रक्शन, यंत्र उत्थापन करके प्रवर्तन में लाना, प्रचालन, डिकमशनींग इन सब बातों में क्षमता रखनेवाली कंपनी एन.पी.सी.आय.एल गत 27 वर्षोंसे परमाणु उर्जा क्षेत्र में कार्यरत है । अभी तक 21 परमाणु इकाईयों का निर्माण करके उसके प्रचालन का अनुभव रखनेवाली एक आंतरराष्ट्रीय कंपनी है । भारत में कार्यरत परमाणु बिजली घरों का ब्यौरा इस प्रकार है ।

संयंत्र	स्थान	इकाईयां	रिएक्टर की प्रकार	क्षमता मेगावांट	शुरुवात की तारीख
तारापुर ॲटोमिक पॉवर स्टेशन	तारापुर महाराष्ट्र	1	बीडब्लूआर	160	28 ऑक्टो.1969
		2	बीडब्लूआर	160	28 ऑक्टो.1969
		3	पीएचडब्लूआर	540	18 ऑगस्ट 2006
		4	पीएचडब्लूआर	540	12 सप्टेंबर 2005
राजस्थान ॲटोमिक पॉवर स्टेशन	रावतभाटा, राजस्थान	1	पीएचडब्लूआर	100	16 डिसेंबर 1973
		2	पीएचडब्लूआर	200	1 एप्रिल 1981
		3	पीएचडब्लूआर	220	1 जून 2000
		4	पीएचडब्लूआर	220	23 डिसेंबर 2000
		5	पीएचडब्लूआर	220	4 फेब्रुवारी 2010
		6	पीएचडब्लूआर	220	31 मार्च 2010
मद्रास ॲटोमिक पॉवर स्टेशन	कलपक्कम, तामिलनाडू	1	पीएचडब्लूआर	220	27 जानेवारी 1984
		2	पीएचडब्लूआर	220	21 मार्च 1986
कैगा जनरेटिंग स्टेशन	कैंगा, कर्नाटक	1	पीएचडब्लूआर	220	16 नोव्हेंबर 2000
		2	पीएचडब्लूआर	220	16 मार्च 2000
		3	पीएचडब्लूआर	220	6 मे 2007
		4	पीएचडब्लूआर	220	20 जानेवारी 2011
नरौरा ॲटोमिक पॉवर स्टेशन	नरौरा उत्तर प्रदेश	1	पीएचडब्लूआर	220	1 जानेवारी 1991
		2	पीएचडब्लूआर	220	1 जुलै 1992
काकरापार ॲटोमिक पॉवर स्टेशन	काकरापार गुजरात	1	पीएचडब्लूआर	220	1 जुलै 1992
		2	पीएचडब्लूआर	220	6 मे 1993
कुडनकुलम न्युक्लिअर पॉवर प्रोजेक्ट	तामिलनाडू	1	एलडब्लूआर	1000	2014

निर्माणाधीन परियोजनाएँ

संयंत्र	स्थान	इकाईयां	रिएक्टर की प्रकार	क्षमता
कुडनकुलम न्युक्लिअर पावर प्रोजेक्ट	तामिळनाडू	2	एलडब्लूआर	1000
काकरापार ॲटोमिक पॉवर स्टेशन	काकरापार, गुजरात	3	पीएचडब्लूआर	700
		4	पीएचडब्लूआर	700
राजस्थान ॲटोमिक पॉवर स्टेशन	रावतभाटा, राजस्थान	7	पीएचडब्लूआर	700
		8	पीएचडब्लूआर	700

बीडब्लूआर – बॉयलिंग वॉटर रिॲक्टर
पीएचडब्लूआर– प्रेशराइज्ड हेवी वॉटर रिॲक्टर
एलडब्लूआर – लाइट वॉटर रिॲक्टर

इसके अलावा, भारत सरकारने महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में जैतापूर, हरियाणा में गोरखपुर, आन्ध्र प्रदेश में कोवाडा, गुजरात में भावनगर के पास मिठीविर्दी, मध्यप्रदेश जबलपुर के पास चूटका और पश्चिम बंगाल में हरिपुर में नये परमाणू बिजलाघरों के निर्माण करने की योजनाओं को तत्वत: स्वीकृत किया है ।

इस कार्यक्रम में अणुउर्जा विभाग के निम्नलिखित संस्थाओं का योगदान है ।

1) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र –

यहाँ परमाणु विज्ञान और तंत्रज्ञान के हर एक पहलू पर अनुसंधान होता है । भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में विकसित प्रणालियॉ प्राधागिक क्षेत्र में उपयोग में लायी जा रही है । बिजली निर्माण के अलावा परमाणु उर्जा का उपयोग, मनुष्यके स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए वैश्विकस्तर के यंत्रसामग्री का निर्माण (जैसे की भाभाट्रॉन टेलीथैरपी मशीन आदि) रेडिएशन औषधियों का निर्माण (Radiation medicine), खाद्य और कृषिक्षेत्र में उत्पादनों की शेल्फ लाइफ बढाने की तकनिक, अधिकतर उत्पादन देनेवालें दाल, मुंगफली आदि कृषि उत्पादन के बेहतर बीजों का निर्माण, कीट नाशक, जीव नियंत्रण इस क्षेत्र में भी बडा योगदान होता है ।

220 मेगा वांट क्षमता के (पीएचडब्लूआर) रिएक्टरोंको निर्माण से लेकर उनकी क्षमता, प्रथम 540 MWe और अब 700 MWe तक विकसित करने में भाभा परमाणु अनुसंधान का, एन.पी.सी.आय.एल. को लगातार सहयोग मिल रहा है

2) परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (ॲटोमिक मिनरल्स डिव्हीजन) जो युरेनियम खनिज की खोज में कार्यरत है ।

3) युरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (युसीआयएल) के कारखानोंमें, खदानो सें निकाले हुए कच्चे युरेनियम के खनिजपे प्रक्रिया करकें यूरेनियम धातु प्राप्त करते हैं।

4) न्युक्लिअर फ्युएल कॉम्प्लेक्स हैदराबाद – यूरेनियम धातु के इंधन बंडल बनाना और रिएक्टरों में जरुरी शीतलक पाइपिंग का निर्माण करता ।

5) इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (हैदराबाद) - रिॲक्टरोको जरुरी इन्स्ट्युमेंट्स और कंट्रोल सिस्टम तैयार करना ।

6) भारी पानी विभाग (हेवी वॉटर बोर्ड) - रिएक्टरों को जरुरी ड्युटेरियम ऑक्साईड (D_2O) भारी पानी के कुल नौ सयंत्र भारत में कार्यरत है । भारत भारी पानी विदेशों में भी निर्यात करता है ।

7) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा विकसित वेस्ट मॅनेजमेंट (अपशिष्ट व्यवस्थापन) और, पॉवर रिएक्टर फ्युएल रिप्रोसेसिंग प्लांट के द्वारा यह कार्यक्रम आगे ले जा रहा है ।

हमारा परमाणु उर्जा कार्यक्रम तीन पायदानों में विभाजित है । पहले पायदान पर पीएचडब्यूआर रिएक्टरों में नैचरल युरेनियम इंधन का उपयोग होगा । पीएचडब्यूआर रिएक्टरो में उपयोग में लाऐं गए नैचरल युरेनियम इंधन पर प्रक्रिया करके प्ल्युटोनियम इंधन मिलेगा । दुसरे पायदान में यह प्ल्युटोनियम फास्ट ब्रिडर रिएक्टर चलानें में काम आयेगा । फास्ट ब्रिडर रिएक्टर में थोरीयम 232 का ब्लैंकेट करके (प्ल्युटोनियम इंधन के बंडल को थोरियम 232 के बंडल से ढककर) युरेनियम 233 इंधन मिलेगा । तीसरे पायदानपे युरेनियम 233 इंधन का उपयोग किया जाएगा । यह कार्यक्रम हमारे देश की बिजली की जरुरत को पूरा करनें में बडी मदद करेगा । पीएचडब्यूआर रिएक्टरों के निर्माण और प्रचालन में क्षमता प्राप्त करनेके बाद, अब तामिलनाडू में चेन्नईसे 45 किमी दुरीपर कल्पक्कम मे 500 MWe क्षमता के फास्ट ब्रिडर रिएक्टर का निर्माण जारी है और जल्दी ही उसमे बिजली निर्माण का कार्य शुरु होगा । तीसरे स्तरके रिएक्टरों का आरेखन, यंत्रसामग्री इसपर संशोधन जारी है ।

* अंग्रेजी शिक्षा ने शिक्षित भारतीयों को निर्बल और नकलची बना दिया है । कोई देश नकलचियों की जाति पैदा करके राष्ट्र नहीं बन सकता ।

- राष्ट्रपती महात्मा गांधी

* हिंदी के बिना जनतंत्र की बात केवल धोका है ।

- अंबिका प्रसाद वाजपेयी

* हम सब भारतवासियों का यह अनिवार्य कर्तव्य है कि हम हिंदी को अपनी भाषा के रुप में अपनाएं ।

- डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर

सूचना प्रौद्योगिकी एवं हिन्दी भाषा

डॉ. शाहू द. मधाळे
रत्नागिरी

कबीर के दोहे हो या परसाई का व्यंग्य, प्रेमचंद के उपन्यास इसके लिए लायब्ररी जाने की आवश्यकता नहीं । राजभाषा डॉट कॉम पर बिनी किसी हिन्दी सॉफ्टवेअर के आप किसी भी कम्प्यूटर पर दुनियाभर में देख सकते हैं । अब ई-मेल करने के लिए रोमन लिपि की आवश्यकता नहीं । अब राजभाषा डॉट कॉम पर जब चाहे देख-सुन सकते है । डायनॅमीक फॉन्ट्स पर बनाई गयी इस वेब में हिन्दी देवनागरी में अब यह सुलभ हो गया है ।

सूचना प्रौद्योगिकी ने पूरी धरती को एक गाँव बना दिया है । इसने विश्व की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं को जोड़कर एक वैश्विक अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है । यह नवीन अर्थव्यवस्था अधिकाधिक रुप से सूचना के रचनात्मक व्यवस्था व वितरण पर निर्भर है । इसके कारण व्यापार और वाणिज्य में सूचना का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है । वस्तुओं के उत्पादन पर आधारित परम्परागत अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ती जा रही है और सूचना पर आधारित सेवा अर्थव्यवस्था निरन्तर बढ़ती जा रही है । धर्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, प्रशासन, सरकार, उद्योग, अनुसंधान व विकास, संगठन, प्रचार आदि सब के क्षेत्रों में कायापलट हो गया है । आज का समाज सूचना समाज कहलाने लगा है ।

सूचना के महत्व के साथ सूचना की सूरक्षा का महत्व भी बढ़ेगा । सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े कार्यों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे । विशेष रुप से सूचना सुरक्षा एवं सर्वर के विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी । अमरीका में 12 अधिव्याख्याता की नियुक्ति इंटरनेट के माध्यम से हो गई । नौकरी हेतु साक्षात्कार के लिए अब विदेश जाने की आवश्यकता नही है, घर बैठे नौकरी आवेदन, लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा और नियुक्ति आदेश प्राप्त होते विदेशी रोजगार मिल सकते हैं ।

भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण पहल –

- रेलवे टिकट एवं आरक्षण का कम्प्यूटरीकरण
- बैंकों का कम्प्यूटरीकरण एवं एटीएम की सुविधा
- इंटरनेट से रेल टिकट, हवाई टिकट का आरक्षण
- इंटरनेट से एफआईआर
- न्यायालयों के निर्णय आनलाईन उपलब्ध कराये जा रहे हैं ।
- किसानों के भूमि रिकार्डों का कम्प्यूटरीकरण
- इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन एवं ऑनलाईन काउंसिलिंग
- ऑनलाईन परीक्षाएँ
- कई विभागों के टेंडर ऑनलाईन भरे जा रहे हैं ।
- पासपोर्ट, गाडी चलाने के लाइसेंस आदि भी ऑनलाईन भरे जा रहे हैं ।
- कई विभागो के कांफिडेंसियल रिपोर्ट ऑनलाईन उपलब्ध है । (सूचना का अधिकार के तहत भी बहुत सी जानकारी दी जा रही है ।)
- चुनाव वोटिंग के लिए ऑनलाईन सुविधा
- महाविद्यालय, विश्वविद्यालय परीक्षाफल या पेपर ऑनलाईन
- आयकर की फाइलिंग ऑनलाईन की जा सकती है ।

इस इंटरनेट के विश्वव्यापी जाल ने सारे संसार को एक-दुसरे से बांध दिया है । भारत के लिए बहुत अच्छी खबर है और बुरी भी । अच्छी इसलिए कि भारतीय प्रतिभाओं की नित नई खोज से विकसित सॉफ्टवेअर और कम्प्यूटर सेवा उद्योग से भारतीय अर्थव्यवस्था के समृद्धशाली संसाधनों और उनसे आय के स्त्रातों में तेजी से बढ़ोत्तरी सामने आ रही है । बुरी खबर इसलिए है कि जिन प्रतिभाओं भारत को लाभ उठाना था, वे दूसरों की प्रगति का जरिया बन रही है । भारत में जिस

तरह से कुछ राजनीतिक दल फिर से आरक्षण-आरक्षण की रट लगा रहे हैं, उससे भारतीय प्रतिभाओं का पलायन रोका जाना संभव नहीं हो सकेगा । देवनागरी लिपि विश्व की एक नंबर की लिपि अमरिका में इसे लेकर संशोधन करनेवाले शोध छात्र भारतीय है, यह बड़ी खेद की बात है । भारतीय आईटी उद्योग सही मायने में देश का पहला वैश्विक व्यवसाय बनने की दिशा में बढ़ रहा है । ब्रिटेन में प्रमुख कम्प्यूटर प्रदाता कंपनी के रुप में भारत की टाटा कंसलटेंसी को ही ले लीजिए । जिसने इस क्षेत्र में बड़ा नाम कमाया है । सूचना प्रौद्योगिकी के लचीले व्यावसायिक नियमों के कारण आज कई कंपनीयाँ ज्यादा कुशलतापूर्वक अपना काम कर रही है । पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय प्रतिभाओं की भारी मांग ने भारत को एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज गति से विकास करनेवाला सूचना प्रौद्योगिकी बाजार बना दिया है ।

सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में भारत का रिकार्ड अधिकांश देशों से बेहतर माना जा रहा है । भारत के प्राधिकारी देश में सूचना सुरक्षा के परिवेश को और मजबूत करने पर गहन रुप से बल दे रहे हैं । इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में संशोधन, समीक्षा, उद्योगों के प्रबंध वर्गों के बीच आपसी संपर्क में वृद्धि के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा रही है । एक अधिकृत रिपोर्ट के अनुसार भारत की बड़ी कंपनियों ने पाँच सौ से ज्यादा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र प्राप्त किये हैं जो विश्व के किसी भी देश से अधिक हैं । दूर संचार, विद्युत निर्माण कार्य, सुविधा प्रबंध, सूचना प्रोद्योगिकी, परिवहन, खानपान और अन्य सेवाओं सहित टेंडरों पर इसका असर दिखाई देने लगा है । साधारण जनता की मूलभूत जरुरतों को पूरा करने के लिए ऐसी सेवाओं के लिए कम लागत पर कुशलता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होनी जरुरी है ।

निष्कर्ष: हिन्दी भाषा में सूचना और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अपना एक अस्तित्व निर्माण किया है । अब वह आत्मनिर्भर बन गई है । हिन्दी भारतीय संस्कृति की सच्ची संवाहिका बन गई है । हम केवल भाषा नही सिखते तो उसकी संस्कृति का भी अनुकरण करते है । इसका अच्छा उदाहरण अंग्रेजी भाषा है । हमने रोजमर्रा के जीवन में अंग्रेजदा अधिकारी बनकर जीवन जी रहे है । उसे त्यागकर हमें भारतीय संस्कृति को प्रेरित और पोशित करनेवाली हिन्दी भाषा को सूचना और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में प्रयुक्त करने की आवश्यकता है ।

* राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की एकता व उन्नति के लिए आवश्यक है ।

  - महात्मा गांधी

* राष्ट्रीय भाषा का अनादर राष्ट्रीय आत्महत्या है।

  - महात्मा गांधी

अमीर खुसरों : हिंदी और हिंदुस्तान का गौरव !

संकलन
श्री. संदेश तोडणकर
कोंकण रेल्वे

